दिनांक 28 अक्टूबर 2020 स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

हाउसिंग बोर्ड में पौनी पसारी योजना के तहत तैयार हो रहा है बाजार, स्थानीय व्यवसायियों को मिलेगा बेहतर प्लेटफार्म, छत्तीसगढ़ के परंपरागत व्यवसाय को मिलेगा बढ़ावा, शासन की महत्वकांक्षी योजना को धरातल पर लाने महापौर ने की थी शुरुआत

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई, क्षेत्र अंतर्गत पौनी पसारी योजना की शुरूआत हो चुकी है, वार्ड क्रमांक 26 हाउसिंग बोर्ड के एसबीआई रोड के बाजू संकट मोचन हनुमान मंदिर के पास में इस योजना के तहत चबूतरा, नाली निर्माण, प्रसाधन, पेवर ब्लॉक, शेड निर्माण 26 लाख 88 हजार की लागत से किया जा रहा है। इसका कार्य एसएन ब्रदर्स को दिया गया है जिसने 55% तक कार्य पूर्ण कर लिया है! निगम क्षेत्र में योजना की शुरूआत होने से क्षेत्र के परंपरागत व्यवसाय करने वाले व्यक्तियों, कारीगरों एवं स्व-सहायता समूह की महिलाओं को कौशल उन्नयन हेतु बेहतर प्लेटफार्म मिलेगा। बाजार में टीन शेड के नीचे 15 चबूतरा बनाए जाएंगे, टायलेट एवं पेयजल सहित सभी सुविधा उपलब्ध होगी। राज्य प्रवर्तित पौनी पसारी योजना के तहत भिलाई निगम के जोन 02 क्षेत्रांतर्गत वार्ड 26 में पौनी पसारी योजना के लिए बाजार बनाने महौपार श्री यादव ने जुलाई में कार्य की शुरुआत की थी। निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने गुणवत्ता के साथ ही जल्द कार्य पूर्ण करने के निर्देश जोन आयुक्त पूजा पिल्ले को दिए है, ताकि स्थानीय व्यवसायियों सहित लोगों को इसका लाभ मिल सके!

स्थानीय छत्तीसगढ़ी परंपरागत व्यवसाय को मिलेगा बढ़ावा स्थानीय छत्तीसगढ़ी परंपरागत व्यवसाय को बढ़ावा देने के उददेश्य से बनने वाले बाजार में क्षेत्र के सिलाई-बुनाई, चटाई, बांस के उत्पाद, दोना पत्तल, मिट्टी के बर्तन, मूर्तियां बनाना, फूलों का व्यवसाय, पूजन सामग्री, सुपा, सजावटी सामान, जैसे अन्य व्यवसाय करने वाले व्यक्तियों, कारीगरों एवं स्व-सहायता समूह की महिलाओं को कौशल उन्नयन हेतु एक बेहतर अवसर मिलेगा जिससे आर्थिक मजबूती होने के साथ ही छत्तीसगढ़ की पुरानी परंपराओं के व्यवसाय को बढ़ावा मिलेगा। उप अभियंता पुरुषोत्तम सिन्हा ने बताया कि टीन शेड के नीचे 15 चबूतरा बनाया जाएगा जिसे हितग्राही को प्रदान किए जाएंगे। बाजार को व्यवस्थित बनाने प्रकाश व्यवस्था, टायलेट, पेयजल हेतु बोर खनन एवं बारिश में कीचड़ से बचने पेवर ब्लाॅक लगाए जाएंगे। शासन के निर्देशानुसार पौनी पसारी परिसर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, आने जाने वालों वाहनों के लिए पार्किंग, पानी निकासी के लिए नाली बनाने साथ ही स्वच्छता को बनाए रखने डस्टबीन आदि की सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा।

यह योजना छत्तीसगढ़ की प्राचीन परंपरा के अंतर्गत पौनी पसारी व्यवसाय को नव जीवन प्रदान करने में सहायक होगा!